भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.689

10 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

नांदेड, महाराष्ट्र में मेट्रो ट्रेन नेटवर्क की स्थापना

689 डा. अजित माधवराव गोपछड़ेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार ने सिख श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में महाराष्ट्र स्थित नांदेड़ के महत्व और बढ़ते पर्यटक यातायात को ध्यान में रखते हुए, नांदेड़ में मेट्रो ट्रेन नेटवर्क स्थापित करने के लिए अध्ययन करने हेतु राज्य सरकार के सहयोग से क्या कदम उठाए हैं; और

(ख) नांदेड़ में वैज्ञानिक यातायात सर्वेक्षण कराने के लिए राज्य सरकार की साझेदारी में सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): मेट्रो रेल प्रणाली सहित शहरी परिवहन शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है जो राज्य का विषय है। मेट्रो रेल परियोजना सहित शहरी परिवहन प्रणाली की आयोजना और विकास संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। जब कभी भी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होता है तो केंद्र सरकार परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर इन परियोजनाओं को मौजूदा नीति के अनुसार वित्तीय सहायता देने पर विचार करती है। इस मंत्रालय को नांदेड़, महाराष्ट्र में मेट्रो रेल परियोजना के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

(ख): शहरों में समय-समय पर वैज्ञानिक यातायात अध्ययन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा विशेषज्ञ एजेंसियों के माध्यम से कराया जाता है। केंद्र सरकार एक उप-योजना के तहत ऐसे अध्ययन कराने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसका नाम "मेट्रो और गैर-मेट्रो परियोजनाओं के लिए शहरी परिवहन में परिवहन आयोजना और क्षमता निर्माण" है। महाराष्ट्र सरकार ने भारत सरकार की उपरोक्त योजना के अंतर्गत नांदेड़ में यातायात अध्ययन कराने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

******